भारत सरकार

योजना मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 480

दिनांक 22.07.2026 को उत्तर देने के लिए

नीति आयोग की अनुसंधान योजना

480. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी:

क्या **योजना मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान नीति आयोग अनुसंधान योजना 2021 के तहत वर्ष-वार आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान इस योजना के तहत अनुसंधान के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले संगठनों का विशेषकर आंध्र प्रदेश सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है तथा इसके साथ ही समर्थित अनुसंधान की प्रकृति और विषय क्या है;

(ग) क्या इस योजना के तहत अनुसंधान परिणामों की गुणवत्ता, समयबद्धता और उपयोग की निगरानी करने के लिए कोई निगरानी और मूल्यांकन प्रणाली मौजूद है और यदि हां, तो विलंब या अनुसंधान परिणामों को प्रस्तुत न करने के मामलों में उठाए गए कदमों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है: और

(घ) पिछले पांच वर्षों के दौरान नीति आयोग अनुसंधान योजना 2021 के तहत स्वीकृत, शुरू की गई, पूरी की गई और लंबित अनुसंधान परियोजनाओं की वर्ष-वार संख्या कितनी है तथा इन्हें पूरा करने में लगा औसत समय कितना है?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं

राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) नीति आयोग की अनुसंधान योजना (आरएसएनए) के तहत वित्तीय वर्ष 2021-22 से वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का विवरण इस प्रकार है:

वित्तीय वर्ष	आवंटित राशि (करोड़ रूपये में)	वास्तविक व्यय (करोड़ रूपये में)
2021-22	6.00	3.42
2022-23	6.00	3.38
2023-24	4.00	2.55
2024-25	4.00	3.99
2025-26	6.00	5.98

(ख) वित्तीय वर्ष 2021-22 से वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान विशिष्ट अनुसंधान परियोजनाओं को शुरू करने के लिए इस योजना के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले संगठनों/व्यक्तियों की सूची अनुलग्नक में दी गई है। इस योजना के तहत कोई राज्य-वार आवंटन नहीं किया गया है।

(ग) जी हां। आरएसएनए के दिशानिर्देश और परामर्शदाता को जारी किया गया अनुबंध, कार्य-प्रदर्शन से जुड़ी शर्तों को निर्धारित करते हैं। इसके अलावा, फीस का भुगतान अनुसंधान अध्ययन रिपोर्ट की गुणवत्ता के मूल्यांकन से जुड़ा हुआ है। अनुसंधान रिपोर्ट जमा करने में देरी करने या इसे न जमा करने पर जुर्माना या अनुबंध समाप्त करने जैसी कार्रवाई का प्रावधान है। इसका विस्तृत विवरण इस लिंक: https://www.niti.gov.in/guidelines पर उपलब्ध आरएसएनए दिशानिर्देशों में देखा जा सकता है

(घ) वित्तीय वर्ष 2021-22 से वित्तीय वर्ष 2025-26 की अवधि के दौरान कुल 87 अनुसंधान अध्ययन परियोजनाएं स्वीकृत और शुरू हुईं। इसी अवधि के दौरान, 67 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, जबकि 15.07.2026 तक 42 परियोजनाएं अभी भी चल रही हैं। परियोजनाओं को पूरा होने में लगने वाला समय प्रत्येक अध्ययन के दायरे, जटिलता और उसकी प्रकृति के आधार पर अलग-अलग होता है। इसका वर्ष-वार विवरण नीचे दी गई तालिका में है:

वित्तीय वर्ष	स्वीकृत और शुरू हुए अनुसंधान अध्ययन	पूरे हुए अनुसंधान अध्ययन	पूरा होने का औसत समय (महीनों में)
2021-22	16	13	23
2022-23	12	12	17
2023-24	14	14	18
2024-25	14	16	19
2025-26	31	12	13

अनुलग्नक I

नीति आयोग की अनुसंधान योजना के संबंध में श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी द्वारा दिनांक 22.07.2026 को पूछे जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 480 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।

वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक वित्त पोषण प्राप्त करने वाले संगठनों की सूची

क्र. सं.	संगठन का नाम
1	भारतीय प्रशासनिक कर्मचारी महाविद्यालय,(एसीएसआई) हैदराबाद
2	आर्कस पॉलिसी रिसर्च, नई दिल्ली
3	एथेना इन्फोनॉमिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई
4	उद्योग और आर्थिक मूलभूत सिद्धांतों पर अनुसंधान ब्यूरो प्राइवेट लिमिटेड (ब्रीफ) ,नई
5	सुशासन केंद्र, तेलंगाना
6	सामाजिक और आर्थिक प्रगति केंद्र (सीएसईपी), नई दिल्ली
7	क्लेरिवेट
8	भारत जलवायु परिवर्तन पहल प्राइवेट लिमिटेड (सीपीआई), नई दिल्ली
9	क्रिसिल (क्रिसिल), मुंबई
10	कट्स इंटरनेशनल (उपभोक्ता एकता और विश्वास समिति),जयपुर
11	डेलबर्ग, नई दिल्ली
12	डेलॉइट इंडिया, गुरुग्राम
13	डेलॉइट, मुंबई
14	विकास एवं अनुसंधान सेवाएँ प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली
15	डोर्स, नोएडा
16	डॉ. कन्नन मुथु, मुख्य स्थिरता अधिकारी, ग्रीन स्टोरी
17	द्रोण फाउंडेशन, गुरुग्राम
18	ईग्रो फाउंडेशन (आर्थिक विकास एवं कल्याण), नोएडा
19	भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई), गुजरात

क्र. सं.	संगठन का नाम
20	पर्यायवरणीय प्रबंधन केंद्र (ईएमसी), मुंबई
21	अर्न्स्ट एंड यंग प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली
22	भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून
23	फोरविस मजार्स, गुरुग्राम
24	फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर (एफआईटीटी), भारतीय प्रौद्योगिकी
25	ग्लोबल हिमालयन एक्सपेडिशन (जीएचई) इम्पैक्ट वेंचर्स, गुरुग्राम
26	मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान, कुरुक्षेत्र
27	आईसीएआर -भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली
28	आईसीएआर - भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान, लुधियाना
29	भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)-राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्र और नीति अनुसंधान संस्थान (एनआईएपी), नई दिल्ली
30	भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), बैंगलोर
31	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), रोपड़
32	भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम)-अहमदाबाद
33	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), कानपुर
34	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मद्रास
35	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर
36	इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस, मोहाली
37	भारतीय सांख्यिकी संस्थान (आईएसआई), कोलकाता
38	भारतीय सांख्यिकी संस्थान (आईएसआई), नई दिल्ली

क्र. सं.	संगठन का नाम
39	औद्योगिक विकास अध्ययन संस्थान (आईएसआईडी), नई दिल्ली
40	मानव विकास संस्थान (आईएचडी), नई दिल्ली
41	जुपिटिस जस्टिस टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, चंडीगढ़
42	क्लीनवेल्ड पीट मार्विक गोएर्डेलर (केपीएमजी), गुरुग्राम
43	एम.एन. दस्तूर एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली
44	माइक्रो सेव कंसल्टिंग (एमएससी) इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, लखनऊ
45	सुश्री आस्था मनोचा
46	सुश्री रिशु निगम
47	राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद (एनसीएईआर), नई दिल्ली
48	राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (नीरी)
49	राष्ट्रीय श्रम अर्थशास्त्र एवं विकास संस्थान (निलर्ड)
50	राष्ट्रीय उच्च अध्ययन संस्थान (एनआईएएस), बेंगलुरु
51	राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान (एनआईपीएफपी), नई दिल्ली
52	राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर), हैदराबाद
53	राष्ट्रीय शहरी कार्य संस्थान (एनआईयूए), नई दिल्ली
54	नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी (एनएलएसयूआई), बैंगलोर
55	राष्ट्रीय मेरीटाइम फाउनडेशन (एनएमएफ)
56	ओलिवर वायमैन, मुंबई
57	स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (पीजीआईएमईआर), चंडीगढ़
58	प्रयास, बैंगलोर

क्र. सं.	संगठन का नाम
59	प्राइसवाटरहाउस कूपर्स (पीडब्लूसी) प्राइवेट लिमिटेड, गुडगांव
60	भारतीय जन स्वास्थ्य फाउंडेशन (पीएचएफआई), गुरुग्राम
61	क्वांटा एनालिटिक्स प्राइवेट लिमिटेड, गुडगांव
62	राइट्स लिमिटेड, गुरुग्राम
63	साहा मंतरण प्राइवेट लिमिटेड, गुरुग्राम
64	सर्वम् एआई, बैंगलुरु
65	सत्त्व मीडिया एंड कंसल्टिंग, बैंगलुरु
66	श्री नमन जैन
67	श्री निहार गोखले
68	सिम्बायोसिस स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, पुणे
69	टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान (टिस), मुंबई
70	ऊर्जा एवं संसाधन संस्थान (टेरी), नई दिल्ली
71	विधि सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी, नई दिल्ली
72	वाप्कोस लिमिटेड, गुरुग्राम

*****